## सार-समाचार

### भाजपा सदस्यता अभियान की बैठक

**देवगढ़,** (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र के माण्डावाड़ा गांव में रविवार को भाजपा की सदस्यता अभियान की बैठक हुई। बैठक अभियान के प्रवासी भाजपा जिला महामंत्री शोभालाल रेगर की अध्यक्षता में हुई जिला महामंत्री का स्वागत गाँव की ओर से भेरू सिंह, ईश्वर सिंह द्वारा किया गया।महामंत्री ने सदस्यता अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के विकास कार्यों पर चर्चा की जिसमे बताया कि भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में अपने राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का काम जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में सोमवार शाम को भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान-2024 का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम को संगठन पर्व सदस्यता अभियान-2024 का नाम दिया गया है। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पार्टी का पहला सदस्य बनाकर, अपने अभियान की शुरुआत की। पीएम नरेंद्र मोदी ने पार्टी के टोल फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल के जरिए फिर से भाजपा की सदस्य ली। बीजेपी इकलौती पार्टी जो सदस्यता रिन्यू करती है भाजपा के संगठन पर्व, सदस्यता अभियान 2024 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने कहा, "हमारी पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही साथ ही राजनीतिक दलों में अनूठी पार्टी भी है। कोई राजनीतिक दल लोकतांत्रिक तरीके से हर 6 साल में सदस्यता अभियान नहीं करता। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है जिस पर हमें गर्व है।

### एन्टीलार्वा गतिविधियों को जांचा

**राजसमंद,** (निसं)। सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने जिले में मौसमी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ग्राउण्ड स्तर पर संचालित गतिविधियों की मोनिटरिंग को लेकर ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया तथा सम्बन्धित चिकित्सा अधिकारी, एएनएमए आशा को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने डेंगू मलेरिया एवं स्क्रब टायफस के पॉजिटिव केसो का उनके घर जाकर क्रॉस वेरिफिकेशन किया तथा फिल्ड में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं आशा द्वारा जारी एन्टीलार्वा गतिविधियों का अवलोकन कर दिशा निर्देश दिये। सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने मोही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर वहां चिकित्सा अधिकारी प्रभारी से सेक्टर में पाये गये डेंगू, मलेरिया व स्क्रब टायफस रोगियो के बारे जानकारी ली। मौसमी बीमारियों से सम्बन्धित दवाईयों की उपलब्धता जांची गई। चिकित्सा संस्थान पर ब्लड स्लाईड जांच की गुणवत्ता को देखा गया तथा वहां हैचरी का निरीक्षण किया गया। सेक्टर में स्क्रब टायफस के रोगी के घर पर जाकर वहां आस-पास के घरो के सर्वे कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने रेलमगरा ब्लॉक के पीपली डोडियान क्षेत्र में स्क्रब टायफस के पॉजिटिव केस के सर्वे का क्रॉस वेरिफिकेशन किया तथा वहां पाई गई कमियों को लेकर आशा को निर्देशित किया। साथ ही एएनएम, आशा को एमएलओ, टेमिफोस का घोल बनाने व उपयोग करने को लेकर जानकारी ली गई।

### 'भारत को जानो' प्रतियोगिता आयोजित

**कपासन,** (निसं)। भारत विकास परिषद द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित हुई। परिषद के शाखा अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच ने बताया कि रीलायबल एकदमी मे आयोजित भारत विकास परिषद द्वारा कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग की भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता मे कनिष्ठ की 21 व वरिष्ठ वर्ग की 21 टीमों ने भाग लिया। प्रात 10 बजे दोनों वर्गों की लिखित परीक्षा हुई, जिसमे प्रथम 5 स्थान प्राप्त टीम प्रश्नोतर के सात चरणों से गुजरते हुए मौखिक परीक्षा दी। इस प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग से प्रथम एम जी एम सी .सै. स्कूल कपासन टीम , द्वितीय एम जी एम सी. सै. स्कूल कपासन टीम एवं तृतीय महेश ज्ञान मन्दिर कपासन तथा वरिष्ठ वर्ग मे प्रथम हैप्पी पब्लिक स्कूल कपासन, द्वितीय रा उ मा वि अड़ाना, तृतीय दीक्षा इंटर नेशनल कपासन रही. विजेता टीमों को राजसमंद जिला परियोजना अधिकारी घन श्याम गौड़, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाल लाल शर्मा, परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष बादशाह सिंह, जिला महिला समन्वयक आशा जोशी, नंद लाल बोहरा ने स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान किये. दोनों वर्गों मे प्रथम स्थान प्राप्त टीमे 13 अक्टूबर को प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता मे भाग लेने आसपुर ( डूंगरपुर) जायेगी। इस अवसर पर ब्लॉक स्तर पर सम्मानित शिक्षक कैलाश चंद्र सुखवाल, पिंकी शर्मा एवं राम प्रसाद माहिया को भी सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे अशोक गौड़, रमेश चंद्र विजयवर्गीय, भगवती लाल सोमानी, योगेश पुरोहित सहित परिषद सदस्य एवं रीलायबल एकदमी स्टाफ का सहयोग रहा।

### 'स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव' आज

**उदयपुर,**(कासं)। विश्व मानक दिवस के उपलक्ष में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), राजस्थान, और मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार प्रात: 10 बजे से बप्पा रावल ऑडिटोरियम में 'स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव' का आयोजन करेगा। भारतीय मानक ब्यूरो की निदेशक कनिका कालिया ने बताया कि विश्व मानक दिवस को प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को उन विशेषज्ञों को सम्मानित करने के लिए वैश्विक रूप से मनाया जाता है, जो स्वैच्छिक अंतरराष्ट्रीय मानकों को विकसित करते हैं और उनके द्वारा यह सुनिश्चित करते हैं कि उपभोक्ताओं को मिलने वाली उत्पाद और सेवाएं सुरक्षित, विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता की रहें। उन्होंने बताया कि वर्ष का विषय, बेहतर दुनिया के लिए साझा दृष्टि: एसडीजी 9 (उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा) का समावेश,' मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण, समावेशी और सतत औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देना, और नवाचार को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। इस अवसर पर आयोजित 'स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव' के उद्घाटन समारोह में डॉ. लक्ष्यराज सिंह जी मेवाड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, साथ ही उदयपुर के जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल, कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। एमएलएसयू के प्रबंधन अध्ययन संकाय की निदेशक प्रो. मीरा माथुर और डॉ. अविनाश पंवार, नोडल अधिकारी, आईईटी और निदेशक, कंप्यूटर केंद्र, एमएलएसयू भी कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। तकनीकी सत्र में प्रमुख वक्ताओं इंडियन सोसाइटी फॉर हीटिंग, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, मेसर्स सिक्योर मीटर्स और मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।

### कर्मचारी आज करेंगे विरोध प्रदर्शन

**बांसवाड़ा,** (निसं)। राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों एटक सीटू इंटक एसोसिएशन व कल्याण समिति के संयुक्त मोर्चे के सभी सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी वेतन व पेंशन नहीं मिलने पर आज मंगलवार को विरोध प्रदर्शन करेंगे। संयुक्त मोर्चे के संयोजक हमीद खां जोया ने बताया कि कर्मचारियों को अगस्त व सितम्बर माह का वेतन व पेंशन नहीं मिलने और राज्य सरकार व निगम प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार के बकाया का भुगतान नहीं करने से कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने बताया कि विरोध प्रदर्शन के बाद के बाद जिला प्रशासन व रोडवेज आगार प्रशासन को राज्य सरकार व निगम प्रशासन के नाम ज्ञापन दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि कर्मचारी कार्यशाला गेट पर एकत्रित होंगे व कार्यशाला गेट पर प्रदर्शन करने के बाद रैली के रूप में केंद्रीय बस स्टेंड पर जाएंगे व नारे बाजी कर आक्रोश जतायेंगे।

### एक गिरफ्तार, ट्रैक्टर-ट्रोली बरामद

**बांसवाड़ा,** (निसं)। सदर थाना पुलिस ने ट्रेक्टर ट्रॉली चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रेक्टर ट्रोली बरामद की। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि गत दिनों तलवाडा निवासी पुष्पेन्द्र गांधी के गोदाम में रखी टेक्टर ट्रोली चोरी होने की सूचना पर प्रकरण दर्ज किया गया। चोरी के खुलासे के लिये पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश भारद्वाज, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह के निकटतम पर्यवेक्षण में थानाधिकारी दिलीप सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर माल मशरूका एवं अज्ञात मुल्मिमानों की तलाश की गयी। इस दौरान टीम ने ग्राम तलवाडा, शिवपुरा, कूपडा, लोधा एवं बांसवाडा शहर में लगे लगभग 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिनके आधार पर घटना कारित करने वाले आरोपी की पहचान रणछोड पुत्र परतेंग राठौड के रुप में की गयी।

### वृद्धा से जेवर लूटे

**उदयपुर,**(कासं)। जिले के वल्लभनगर थाना क्षैत्र में मकान में घुस कर वृद्धा के साथ मारपीट कर बदमाश जेवरात लूट ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता रूपाबाई (70) पत्नी धनाराम रेगर निवासी वल्लभनगर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें पीडिता ने बताया कि 4 अक्टूबर रात में घर आए आरोपियों ने मेरे साथ मारपीट की तथा मुंह दबा कर कान से सोने का टॉप्स लूट ले गए। जाते समय जान सेमाने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# 201 कन्याओं का माता रूप में पग पूजकर किया महा कन्यापूजन

**उदयपुर,** (कासं)। खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन की ओर से नवरात्रि के चौथे दिन समाज की 101 कन्याओं सहित सर्वसमाज की 201 कन्याओं का कन्या पूजन कार्यक्रम रविवार को सत्यम गार्डन में संपन्न हुआ। खटीक समाज की ओर से पहली बार इस तरह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर कन्याओं को माता रुप में उनके पग पूजन किए गए और साथ ही उन्हें उपहार आदि प्रदान किए गए। सभी कन्याओं को माताजी के चुनरी बांधी गई। कार्यक्रम में पार्षद और भाजपा की बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान की जिला संयोजक डाक्टर शिल्पा पामेचा, भाजपा महिला मोर्चा की शहर जिला अध्यक्ष कविता शर्मा तथा समाजसेवी प्रदीप शर्मा विशिष्ठ अतिथि के रुप में मौजूद थे।



खटीक समाज ने किया महा कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन।

कार्यक्रम में डाक्टर शिल्पा पामेचा ने कहा कि यह गौरव की बात है कन्याओं का सामूहिक तौर पर पूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खटीक समाज की यह पहल सराहनीय है और हर समाज में ऐसी पहल होनी चाहिए। आज की परिस्थितियों को देखते हुए लडकियों को डांस क्लास में भेजने की बजाए जुडो कराटे और आत्मरक्षा कौशल की अन्य क्लास में भेजना चाहिए। भाजपा महिला मोर्चा की शहर जिला अध्यक्ष कविता शर्मा ने भी कन्या पूजन को कन्या संरक्षण जैसा कार्य बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ही समाज में लडकियों को मारने नहीं बचाने जैसे भाव पैदा होंगे। समाजसेवी प्रदीप शर्मा ने कहा कि खटीक समाज ने कन्या पूजन में सर्वसमाज की कन्याओं को शामिल कर सनातन एकता का जो परिचय दिया है वह काबिले तारीफ है।

अध्यक्ष आकाश बागडी ने कहा कि खटीक समाज में महिला जाग्रति और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से यह कार्यत्र्रम रखा गया है जिसमें विद्वान पंडितों द्वारा हवन पूजा आरती के साथ कन्या पूजन की रस्म अदा की गई। आयोजन में सनातन एकता के लिए खटीक समाज की 101 कन्याओं के साथ ही सर्वसमाज की कन्याओं को भी शामिल किया गया। कन्या पूजन में शामिल होने वाली सभी बेटियों को शिक्षा किट व उपहार प्रदान किए गए। बागडी ने बताया कि खटीक समाज की ओर से यह पहली पहल है और हर साल इसे जारी रखा जाएगा। संगठन के संस्थापक जय निमावत ने बताया कि हमारी छोटी-छोटी बहन बेटियों के साथ जो घटनाएं हो रही हैं इसको देखते हुए ही संगठन ने कन्या पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## डेंगू रोकथाम के लिए भेजा फिल्ड में

**उदयपुर,** (कासं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य जयपुर से प्राप्त निर्देशानुसार मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियो को अपने आवंटित क्षेत्रों में जाकर गतिविधियों का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है ।

डॉ.बामनिया के अनुसार एडिशनल सीएमएचओ डॉ रागिनी अग्रवाल को यूपीएचसी फतेहपुरा, आरसीएचओ डॉ अशोक आदित्य को यूपीएचसी पुलिस लाइन, डिप्टी सीएमएचओ डॉ अंकित जैन को यूपीएचसी गोवर्धन विलास सेक्टर 14,डीपीसी डीडीडब्लू डॉ मोहन सिंह धाकड़ को यूपीएचसी प्रताप नगर, डॉ बाल मुकुंद को जगदीश चौक और डॉ प्रणव भावसार को चित्रकूट नगर क्षेत्र आवंटित किया गया। सभी नोडल अधिकारी अपने आवंटित क्षेत्र में निरीक्षण करने पहुंचे तथा घरों में जाकर भौतिक सत्यापन किया।कुछ जगहों पर पानी में लार्वा पायें गये। वहां तत्परता से कार्यवाही करते हुए उन्हें नष्ट किया गया। घरों में और घरों के आसपास एकत्रित पानी का निस्तारण किया गया।

सीएमएचओ डॉ बामनिया ने बताया कि अभी भी लोगों के घरों में लार्वा पायें जा रहें हैं।लोग इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

# के.के. गुप्ता ने प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री को लिखा पत्र

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान के सबसे प्रमुख नगर और पर्यटन तथा व्यापार उद्योग के दृष्टिकोण से भी राज्य में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले उदयपुर शहर में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय खोले जाने का आग्रह करते हुए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रदेश समन्वयक केके गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखा है।

उन्होंने बताया कि पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज द्वारा यह घोषणा की थी कि उदयपुर में पासपोर्ट सेवा केंद्र के उद्घाटन जून 2017 में किए जाने के 5 वर्ष बाद उदयपुर के इस सेवा केंद्र को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में अपग्रेड किया जाएगा। वर्तमान में उदयपुर के इस पासपोर्ट सेवा केंद्र में प्रत्येक महीने 250 से अधिक आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। उदयपुर पीएसके में अधिकांश आवेदन निम्न आय वाले परिवारों और पिछडे वर्गो से आते हैं, जो नौकरियों और वित्तीय अवसरों के लिए मध्य प्रदेश आते हैं। इसके अलावा, आवेदन छात्रों, स्थानीय व्यापारियों और पर्यटकों से भी आते हैं। बहुत से मामलों में, उदयपुर पीएसके अंतिम निर्णय लेने में सक्षम नहीं होता है और उन फाइलों को हाल ही में खुले पासपोर्ट कार्यालय कोटा में भेज दिया जाता है, और आवेदकों को आगे की प्रक्रियाओं के लिए पासपोर्ट कार्यालय कोटा में नई नियुक्ति लेनी पडती है।



के.के. गुप्ता

गुप्ता ने बताया कि उदयपुर शहर सहित संभाग के आसपास के जिलों के लोगों के लिए नजदीक में ही क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय होना आवश्यक है। जिससे कि आम जनता को अपने पासपोर्ट संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण के लिए अपने गृह क्षेत्र से बहुत अधिक दूरी तक नहीं जाना पडे। जनता की इस ज्वलंत समस्या के शीघ्र निराकरण के लिए बडे स्तर पर पोस्टकार्ड लिखो अभियान चलाना होगा, जिसमें उदयपुर और आसपास के समस्त जिले की जनता की भी भागीदारी रहेगी। पत्र में गुप्ता ने अवगत कराया कि, भौगोलिक दृष्टि से दक्षिणी राजस्थान क्षेत्र को एक क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय की आवश्यकता है। दक्षिणी राजस्थान (उदयपुर की अध्यक्षता में) में आठ अन्य जिले हैं, डूंगरपुर, बांसवाडा, चित्तौडगढ, प्रतापगढ, भीलवाडा, राजसमंद, पाली, सिरोही जहां के निवासी पासपोर्ट संबंधी कार्यों के लिए उदयपुर पासपोर्ट सेवा केंद्र पर निर्भर हैं। पत्र में बताया कि क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय उदयपुर में खुलने से पासपोर्ट संबंधी सभी समस्याओं में मदद मिलेगी, क्योंकि हाल ही में खुले पासपोर्ट कार्यालय कोटा से दूरी 400 किलोमीटर से अधिक है और इनमें से कुछ जिले आदिवासी हैं, बांसवाडा, डूंगरपुर, सिरोही, प्रतापगढ भी कोटा से बहुत दूर हैं, हाल ही में खुले पासपोर्ट कार्यालय कोटा के लिए कोई कनेक्टिविटी नहीं है। दक्षिणी राजस्थान के लोगों की मदद के लिए पीएसके उदयपुर को उदयपुर में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के रूप में पदोन्नत किया जाए।

- उदयपुर के लिए की गई घोषणाओं के अनुरूप खोला जाए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय : गुप्ता

# फैक्ट्री से सामान चुराया

**उदयपुर,**(कासं)। हिरणमगरी थाना क्षेत्र में स्थित फेक्ट्री से चोर सामान चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फीडित गुजरात हॉल कृष्ण्याा कॉलोनी गारियावास निवासी हर्षित पटेल पुत्र विठ्ठल भाई ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।जिसमें पीडित ने बताया कि मेरी कलडवास क्षै़ में मयूल पैकेजिंग नाम से फेक्ट्री है। 2 अक्टूबर रात में अज्ञात चोर फेक्ट्री में घुस कर विद्युत वायर, व सामान चुरा ले गए। इसका पता चलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

वहीं शहीर के गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र में स्थित कंपनी यार्ड से चोर वाहनों की बैटरियां चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने वलिचा स्थित सीके मोटर्स कंपनी यार्ड के सुरक्षा कर्मी सत्यनारायण पुत्र हेमराज जी निवासी रोहड पाली हॉल एरिया मैनेजर डेल्टा सिक्योंरिटी कंपनी उदयपुर की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया। इसी प्रकार टीडी थाना पुलिस ने घर में घुस कर नकदी चोरी करने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार 4 अक्टूबर रात में सरूपाल फला मंगात गांव निवासीहिरालाल मीणा के मकान में घुस कर अज्ञात चोर 30 हजार रूपये नकदी व सीसीटी केमरा चुरा ले गया।

## तीन गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। युवती पर प्राणघातक हमला कर लूट की वारदात करने वाले तीन आरोपियों को सायरा पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 5अक्टूबर को मोबाईल परसूचना मिली की एक युवती घायलावस्था में गायफल गांव की माईन्स के पास पड़ी है। जिस पर सायरा थानाधिकारी प्रवीण जुगतावत मय टीम ने मौके पर पहुंची तथा खून से लथपथ हालत में मौके पर मिली जिसका एक पांव पत्थर से तोड़ा हुआ था।

## नाट्य समारोह का समापन

**उदयपुर,** (कासं)। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में तीन दिवसीय नाट्य समारोह के अंतिम दिन 'त्रियात्रा' नाटक का मंचन किया गया।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि केन्द्र द्वारा तीन दिवसीय नाट्य समारोह के अंतिम दिन रविवार को शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में गगन मिश्रा-श्रीमती प्रिदयदर्शिनी मिश्रा द्वारा निर्देशित 'त्रियात्रा' नाटक का मंचन किया गया। यह नाटक परम्परागत नाटकों से अलग तीन कथाओं का एक कोलाज है जिसमें तीन देशों के तीन लेखकों, जिसमें कि अमेरिका के ओ. हेनरी की 'बारबर शॉप', भारत के गगन मिश्रा की 'अंत की शुरूआत' और रशिया के मक्सिम गोर्की की 'उसका प्रेमी', इन तीन अलग अलग कथाओं को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास किया गया है। तीनों ही कथाओं में मानवीय स्वभाव एव मनोभावनाओं का बेहद खूबसूरत और सहज चित्रण देखने को मिला। दर्शकों ने इस नाटक तथा उसके पात्रों द्वारा किए गए अभिनय को सराहा। अंत में सभी कलाकारों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन केन्द्र के सहायक निदेशक (वित्तीय एवं लेखा) दुर्गेश चांदवानी ने किया। इस अवसर पर केन्द्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# 'पिता के त्याग व माता की ममता का कोई छोर नहीं'

**डूंगरपुर,** (निसं)। वर्तमान परिपेक्ष में जहा ओद्योगिक क्रांति के साथ साथ संचार युग ने जहा वर्तमान पीढी को अपने धर्म के संस्कारो के प्रति विमुख कर दिया हे और सामाजिक विषमताओं के साथ साथ कुरुतियां भी इस कदर हावी हो गयी है कि माता पिता का त्याग, समर्पण व अपनत्व की महत्ता को दूर कर दिया है और ऐसे में वर्तमान पीढी दिशा विमुख हो चुकी है ऐसे में ऐसे संसकर शिविरों के माध्यम से बच्चो में धर्म की शिक्षा के साथ साथ माता पिता के उनके प्रति किये गए उपकारों का बोध कराना जरूरी है।

यहाँ बात रविवार को श्री जैन श्वेताम्बर विशा पोरवाड संघ डूंगरपुर के तत्वावधान एवं मुनि रत्नसागरजी, पवित्र रत्नसागरजी एवं साध्वी दर्शरेखा श्रीजी अदीठाना की निश्रा में ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर के पुण्य प्रवचन हॉल में एक दिवसीय सकल जैन श्वेताम्बर संघ वागड के सात से सत्रह वर्ष की आयु के बच्चो के धार्मिक संस्कार शिविर में मोटिवेशन उद्बोधन के दौरान साकेत शाह ने कही। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने धर्म की न केवल महत्ता को समझे अपितु उसमे समावेश संस्कारो पर भी मंथन करे, जिसमे प्रत्येक शब्द तथा त्र्कियाए वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित है। जिसमे सदैव धर्म की आराधना के साथ साथ हमारे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का भी सन्देश समाहित है। उन्होंने कहा कि आज माता पिता एकाकीपन जीवन प्रेषित करने को बाध्य हो गए है क्योकि, वर्तमान पीढी में पिता के उसके जन्म से लगा कर युवा अवस्था तक उसके सुनहरे भविष्य के लिए लगातार अपना सबकुछ त्याग कर उसकी हर इच्छा को पूरा करने में जुटा रहता है, तो वही माता उसे लालन पालन के साथ साथ उसकी हर खुशी को सहजता से पूरा करने में जुटी रहती है और फिर जब वही संतान अपने पैरो पर खडा होने के बाद न केवल उनकी भावनाओ का तिरस्कार कर देता है, अपितु वृद्धाश्रम की ओर भी धकेल देता है ऐसे में यदि हमने ऐसे यदि हमने प्रारंभिक दिनों में ही धर्मिक संस्कारो का बीजारोपण कर दिया तो वह भावी पीढी कभी भी अपने कर्त्तव्य से विमुख नहीं होगी और हर परिस्थिति में माता पिता के किये गए उपकारों के प्रति अपने आप को परे कर सकेगी।

इस अवसर पर मुनि पवित्र रत्नसागर ने कहा कि ऐसे संस्कार शिविरों के साथ साथ धर्मिक पाठशालाओं का होना महज आवश्यक है ताकि युवा पीढी मंदिरो व धर्म गुरुओ के प्रति अपनी भावनाओ को बनाये रखे एवं धर्म की आराधना के कारण व जीवन में आने वाले प्रत्येक संकट का सामना कर सके। रविवार प्रात: जिलेभर के सकल जैन श्वेताम्बर संघ से मातापिता अपने बच्चो को लेकर प्रात: शिविर स्थल पर पहुंचे, जहां देवदर्शन के पश्चात् गुरु वंदन किया शिविर में भाग लेने वाले बालक-बालिकाओ के लिए लाभार्थी परिवारों द्वारा नवकारसी का आयोजन किया। इसके पश्चात् साकेत शाह द्वारा प्रोजेक्टर से विभिन्न बिन्दुओ पर प्रकाश डाला।

शिविर में जिलेभर से करीब तीन सौ बालक बालिकाओ ने भाग लिया तत्पश्चात सकल संघ का स्वामीवात्सल्य आयोजित हुआ तथा दूसरे सेशन में शिविरार्थियो के लिए अष्ट प्रकारी पूजा का आयोजन हुआ। जिसमे बच्चो को इस पूजा की महत्ता के बारे में बताया गया। इस अवसर पर सकल जैन शेताम्बर संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### दिवेर विजय दिवस महोत्सव आज

**उदयपुर,** (कासं)। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के मातृ भूमि मेवाड के लिए स्वतंत्रता संग्राम में निर्णायक माने जाने वाले दिवेर युद्ध के महत्व को जन-जन में पहुंचाने के उद्देश्य से प्रताप गौरव केंद्र 'राष्ट्रीय तीर्थ' के तत्वावधान में चल रहे दिवेर विजय महोत्सव का समापन सोमवार को होगा। मुख्य समारोह शाम 5.30 बजे होगा। इसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार होंगे। साथ ही, बडीसादडी गोपाल आश्रम के पीठाधीश सुदर्शनाचार्य महाराज का सान्निध्य व आशीर्वचन भी प्राप्त होगा। इससे पहले, प्रात: 11 बजे राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता शुरू होगी जिसमें राज्य के सभी संभागों पर श्रेष्ठ रहे 26 प्रतिभागी शामिल होंगे। अध्यक्ष प्रो. बीपी शर्मा ने बताया कि दिवेर युद्ध एक युगान्तरकारी परिवर्तन लाने वाला युद्ध था इतिहास में महाराणा प्रताप के इस ऐतिहासिक घटनाक्रम को उचित स्थान नहीं मिला, इसलिए इस बारे में सामान्यतौर पर जानकारी का अभाव है। इस महत्वपूर्ण युद्ध में महाराणा प्रताप की विजय के इतिहास को जनमानस तक पहुंचाने एवं महाराणा प्रताप के संघर्ष को स्मरण करने के लिए दिवेर विजय महोत्सव मनाने के निर्णय किया । दिवेर विजय का दिन विजयदशमी था, चूंकि उस दिन पारम्परिक कार्यक्रमों की विविधता रहती है, इसलिए इसके उपलक्ष्य में इस वर्ष 7 अक्टूबर को दिवेर विजय महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम रखा है।

### चोरी करने वाले पांच गिरफ्तार

**उदयपुर,**(कासं)। पेट्रोल पंप से चोरी करने वाले पांच आरोपियों को बावलवाड़ा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 9 अक्टूबर को पीडित शांतिलाल पुत्र कानाजी निवासी सुवेदरा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मैं उपला थूरिया पेट्रोल पंप पर चौकीदारी करता हूं। रात में पीकअप में आए कुछ लोगों ने एलईडी एवं सीसीटीवी सिस्टम बॉक्स, सौर उर्जा कीबैटरिया, व आरसीसी की प्लेटे चोरी कर ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेशगोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के नेतृत्व में बावलवाड़ा थानाधिकारी राजीव राहर के नेतृत्व में बावलवाड़ा थानाधिकारी कर्णवीरसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर लाला पुत्र रामलाल निवासी रूपनगर कच्ची बस्ती सुखेर, मिथुन पुत्र अमराजी निवासी बडला खेरवाड़ा, बोला उर्फ राजु पुत्र थानाजी निवासी रामनगर सुखेर संजु उर्फ संजय पुत्र डालु निवासी भुवाणा रामनगर, सतु उर्फ सतीश पुत्र रमेश निवासी भुवाणा रामनगर सुखेर को गिरफ्तार किया।

### शहर में छाने लगी गरबों की रंगत

**डूंगरपुर,** (निसं)। नवरात्रि स्थापना के साथ ही आरम्भ हुए नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव के तहत गरबा स्थलों पर रंगत छाने लगी है वहीं विभिन्न देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों पर श्रद्धालुओं का ज्वार उमडने लगा है। वही सोमवार को खडग पंचमी मनाई जायेगी। नवरात्रि को लेकर चौथा दिन कुष्माण्डा देवी की आराधना कर मनाया गया। इसके तहत शहर के फौज का बडला स्थित महालक्ष्मी मंदिर, अम्बामाता स्थित दैवी मंदिर, दर्जीवाडा स्थित खोडियार माता मंदिर, भावसारवाडा स्थित हिंगलाज मंदिर, कंसारा चौक स्थित कालीका मंदिर, न्यू कॉलोनी स्थित अम्बा माता मंदिर, पुलिस लाईन स्थित मां रूद्राणी देवी मंदिर, शास्त्री कॉलोनी व हाउसींग बोर्ड स्थित जगदम्बा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड रही। इस अवसर पर गरबा चौकों को आकर्षक रोशनी व फर्रियों से सजाया गया है वही दैवी प्रतिमाओं की भी मनोहारी श्रृंगार किया गया। गरबा स्थलों पर पहले आरती का आयोजन हुआ। इसके पश्चात वाद्य यंत्रों की मधुर स्वर लहरियों पर गरबा नृत्यों का आयोजन भी हुआ। नवरात्रि के तहत जिले के विजवामाता, आशापुरा, गलियाकोट स्थित शितलामाता, बिछीवाडा, राजपुर स्थित शक्ति पीठो पर भी विशेष कार्यक्रमों का आयोजन आरम्भ हो गया है। नवरात्रि को लेकर युवा वर्ग में खासा उत्साह है तथा वह सजधज कर नवरात्रि खेलने को आतुर है।

### महिला कुएं में डूबी

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के बाघपुरा थानाक्षैत्र में कुए में डूबने से महिला की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार रविवार को बाघपुरा थाना क्षैत्र माणस गांव निवासी लक्ष्मी बाई (30) पत्नी अर्जुनलाल मीणा की कुए में डूबने से मौत होगई। लक्ष्मी की दिमागी हालत ठीक नहीं होने से उपचार चल रहा था। जो अपने खेत में स्थित कुए पर गई थी। जहां संतुल बिगडने पर गिरने पर पानी में वह डूब गई थी। इसकी सूचना मिलने पर बाघपुरा थानाधिकारी करनाराम मय टीम ने मौके पर पहुंच कर मृतकाको बाहर निकाल झाड़ोल चिकित्सालय मोर्चरी में रखावा पीहर झाड़ोल सूचना दी है। जिसके परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम होगा। वहीं गत दिनों हिरणमगरी थाना क्षैत्र जोगी तालाब निवासी पुष्पा (45) को चूल्हे पर चाय बनाते समय झुलसने पर परिजनों ने उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल श्रवणकुमार ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**उदयपुर,**(कासं)। जिले के माण्डवा थाना पुलिस ने दुष्कर्म करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठोड़ के सुपरविजन में माण्डवा थानाधिकारी राजीव शर्मा के नेतृत्व में गठित दल ने दुष्कर्म करने के मामले में फरार थाने के प्रकरण संख्या 92 के आरोपी सरली कोटड़ा निवासी लालसिंह पुत्र केसरसिंह सोलंकी को सायबर सेल के लोकेश रायकवाल से प्राप्त मोबाईल लोकेशन के आधार पर पालनपुर कानोदर के पास जगाणा गांव से गिरफ्तार किया।

# 'खेलगांव के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध'

- महाराणा प्रताप खेलगांव सोसायटी के आजीवन सदस्यों की बैठक आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। महाराणा प्रताप खेलगांव सोसायटी के आजीवन सदस्यों की बैठक रविवार को फील्ड क्लब में हुई जिसमें खेलगांव से जुडे कई मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया तथा सदस्यों की कमेटी बना कर आगे की रणनीति तय की गई।

बैठक में सदस्यों ने एकराय होकर कहा कि वे खेलगांव के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध और प्रतिबद्ध हैं व इसके लिए हर संभव सहायता को सदैव तत्पर भी हैं। सबका यही ध्येय है कि खेलगांव के आजीवन सदस्यों के साझा प्रयासों से ओलंपिक स्तरीय प्रतिभाएं निकलें और उदयपुर का नाम पूरे विश्व में रोशन करें। उन सभी खेल प्रतिभाओं को मदद देकर तलाशा व तराशा जाए जो आर्थिक अभाव में आगे नहीं बढ पा रही हैं। इसके साथ ही खेलगांव के चहुंमुखी विकास पर फोकस करते हुए यहां विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना, वर्तमान में जारी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग व उसमें सुधार के भी अहम सुझाव दिए। सदस्यों ने कहा कि खेलगांव के सभी संसाधनों का समुचित उपयोग करने, आर्थिक और नीतिगत रूप से पारदर्शिता और विजन के साथ आगे बढने में सबका साझा योगदान रहेगा। गौरतलब है कि महाराणा प्रताप खेलगांव के 200आजीवन सदस्यों में खेल, राजनीति, शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार, समाजसेवा सहित अन्य सभी वर्गों से जुडे हुए प्रोफेशनल्स शामिल हैं। सदस्यों में इस बात को लेकर नाराजगी थी कि जिला प्रशासन इस 'थिंक टेंक' का उपयोग नहीं कर रहा है। पिछले 8 वर्षो में आजीवन सदस्यों की कोई मीटिंग तक नहीं बुलाई । इसके अलावा किसी भी प्रशासनिक बैठक, कार्यकम, आयोजन आदि में आमंत्रित नहीं किया गया है। सभी 200 सदस्य एक-एक लाख रूपए की मेम्बरशिप फीस डिपोजिट कर सदस्य बनें हैं व वार्षिक फीस ली जा रही है, लेकिन खेलगांव प्रशासन मेम्बर्स को तवज्जो नहीं दे रहा है। प्रशासनिक स्तर पर इस कमी को पूरा करने की तत्काल जरूरत है। चर्चा के दौरान सामने आया कि खेलगांव में मेंटेनेंस और सुरक्षा पर समुचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

6 साल से स्विमिंग पूल का पानी तक नहीं बदला गया है जिसमें स्विमिंग करने के बाद स्किन संबंधी परेशानियां सामने आ रही है। इसी प्रकार अन्य खेलों में भी जरूरी संसाधनों के बजट की मॉनिटरिंग व सुविधाओं के विस्तार की सख्त आवश्यकता है।अंत में सभी सदस्यों ने एकमत से कहा कि उनका एकमात्र ध्येय खेलगांव के माध्यम से ऐसी प्रतिभाओं को सामने लाना है जो उदयपुर का नाम विश्व स्तर पर रोशन कर सकें। साथ ही उदयपुर में खेल-भावना का विकास हो। इस अवसर पर खेलगांव आजीवन सदस्यों की कमेटी भी बनाई गई।

